कोड - 001

# अर्धवार्षिक परीक्षा 2017-18

कक्षा- ग्यारहवीं

CGboardonline.com

विषय - लेखाशास्त्र

समय - 3.00 घंटे

पूर्णांक - 90

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य ।

प्रश्न क्र. 1 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 10 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 15 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 20 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 6 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 25 से 26 तक अतिदीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 8 अंक निर्धारित है ।

---

प्रश्न 1. व्यापार की वित्तीय स्थिति को दर्शाने वाला विवरण क्या कहलाता है ?

प्रश्न 2. लेखांकन का अंतिम उत्पाद क्या होता है ?

प्रश्न 3. जर्नल के आधार पर किसमें लेखा किया जाता है ?

प्रश्न 4. व्यापारिक छूट से क्या आशय है ?

प्रश्न 5. लेखांकन मानक किस संस्था द्वारा तैयार किये जाते हैं ?

प्रश्न 6. "मैं तुम्हारा रु. 20,000 का देनदार हूं" । क्या यह एक प्रतिज्ञा पत्र है?

प्रश्न 7. प्रारंभिक प्रविष्टियों की विभिन्न पुस्तकों के नाम लिखिये ।

प्रश्न 8. अंतिम स्कंध तलपट में कब दर्शाया जाता है ?

प्रश्न 9. मूल्यहास का मुख्य उद्देश्य क्या है ? CGboardonline.com

प्रश्न 10. बैंक अधिविकर्ष से क्या आशय है ?

प्रश्न 11. उचन्त खाता कब खोला जाता है ?

प्रश्न 12. मिश्रित जर्नल प्रविष्टि को उदाहरण सहित समझाइये ।

प्रश्न 13. बैंक समाधान विवरण तैयार करने की आवश्यकता को समझाइये ।

प्रश्न 14. निम्नलिखित अशुद्धियों को सुधारते हुये जर्नल प्रविष्टियां कीजिये ।

(1) गणेश से प्राप्त 400 रु. त्रुटि से उसके खाते में नामे कर दिए गये ।

(2) राम से प्राप्त ब्याज 200 रु. उसके खाते में क्रेडिट कर दिये गये ।

(3) मशीन क्रय की 20000 रु. किन्तु लेखा क्रय बही में कर दिया ।

प्रश्न 15. विनिमय विपत्र का एक अनुमानित प्रारुप (Sample) दीजिये ।

प्रश्न 16. फुटकर रोकड़ बही के कोई चार लाभों का वर्णन कीजिये ।

प्रश्न 17. निम्न सूचनाओं के आधार पर 31 दिस. 2016 को बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिये।

(1) रोकड़ पुस्तक के अनुसार अधिविकर्ष 2470 रु. था । CGboardonline.com

(2) बैंक में 1740 रु. का धनादेश जमा कराये थे, जो अभभ तक पासबुक में समाकलित

नहीं हुए थे ।

CGboardonline.com

(3) बैंक ने 112 रु. अधिविकर्ष पर ब्याज लगाया ।

(4) उक्त तिथि के पूर्व 860 रु. का धनादेश 31 दिस.2016 को निर्गमित किये जो अभी तक भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं हुए ।

(5) एक ग्राहक ने सीधे 420 रु. किरन के बैंक खाते में जमा किये जिसका लेखा अभी तक रोकड़ बही में नहीं हुआ ।

प्रश्न 18. प्रावधान व संजय के चार-चार उदाहरण पिखिये ।

प्रश्न 19. निम्नलिखित शेषों से 31-12-2016 को राजाराम की पुस्तक में तलपट बनाइये ।

क्रय 40000 रु., विक्रय 65000 रु., विज्ञापन 5000 रु., प्रा. रहतिया 15000 रु., वेतन 10000 रु., फर्नीचर 5000 रु., यंत्र 20000 रु., देनदार 5000 रु., लेनदार 9500 रु., पूंजी 25000 रु., क्रय वापसी 500 रु., अंतिम स्टॉक 12000 रु.

अथवा

CGboardonline.com

एक व्यापारी की पुस्तकों से लिये गये शेषों से 31-03-15 की तलपट तैयार कीजिए । वेतन 5000 रु., भवन 40000 रु., पूंजी 66000 रु., देय-विपत्र 11600 रु., देनदार 16000 रु., बीमा 550 रु., लेनदार 18100 रु., प्राप्य विपत्र 5000 रु., बैंक अधिविकर्ष 16000 रु., प्राप्त कमीशन 6000 रु., दान 300 रु., क्रय 10000 रु., विक्रय 22000 रु., क्रय वापसी 300 रु., विक्रय वापसी 700 रु, हस्तस्थ रोकड़ 62450 रु. ।

प्रश्न 20. विक्रय तथा वापसी बही का व्यापार में क्या महत्व है ?

अथवा

सामान्य संचय क्या है ? इनका प्रयोग किन कार्यों के लिये किया जाता है ?

प्रश्न 21. श्री अशोक कुमार ने 1 जनवरी 2010 को एक मशीन 32000 रु. में खरीदी तथा इसकी स्थापना पर 3000 रु. व्यय किये । मशीन का अनुमानित जीवनकाल 5 वर्ष है तथा अवशिष्ट मूल्य 5000 रु. है । स्थायी किस्त पद्धति से ह्रास की राशि ज्ञात कीजिये तथा प्रथम तीन वर्षों का मशीन खाता बनाइये ।

अथवा

एक मशीन का क्रय मूल्य 38000 रु. है । इसकी स्थापना पर 7000 रु. व्यय हुए । अवशिष्ट मूल्य 5000 रु. तथा मशीन की कार्यअवधि 8 वर्ष है तीन वर्षो का मशीनरी खाता बनाइये ।

प्रश्न 22. प्राप्य विपत्र एवं देय विपत्र में कोई 6 अंतर लिखिये ।

अथवा

CGboardonline.com

विनिमय विपत्र व प्रतिज्ञा पत्र में कोई 6 अंतर लिखिये ।

प्रश्न 23. निम्नलिखित से शिवशंकर का खाता बनाइये ।

CGboardonline.com

| | | |
|---|---|---|
| जन. 1 | प्रारंभिक शेष डेबिट | 10,000 रु. |
| -"- 2 | उन्हें उधार माल बेचा | 80,000 रु. |
| -"- 5 | उनसे नगद प्राप्त हुए | 78,500 रु. |
| -"- 5 | उन्हें बट्टा दिया | 15,00 रु. |
| -"- 16 | उनसे उधार माल खरीदा | 50,000 रु. |
| -"- 18 | उन्हें नगद चुकाए | 49,800 रु. |
| -"- 18 | उससे बट्टा प्राप्त हुआ | 200 रु. |
| -"- 20 | उन्हें नगद माल बेचा | 10,000 रु. |
| -"- 20 | उन्हें उधार माल ब्रेचा | 30,000 रु. |

अथवा

निम्न व्यवहारों से रोकड़ खाता बनाइये ।

| | | |
|---|---|---|
| जन. 1 | रोकड़ हाथ में | 26,000 रु. |
| -"- 7 | रोकड़ विक्रय | 2,000 रु. |
| -"- 9 | रोकड़ क्रय | 6,000 रु. |
| -"- 15 | आहरण | 200 रु. |
| -"- 21 | कार्यालय व्यय चुकाए | 600 रु. |
| -"- 30 | वेतन चुकाया | 4000 रु. |

CGboardonline.com

प्रश्न 24. तलपट तथा चिट्ठा में कोई 6 अंतर लिखिए ।

अथवा

व्यापारिक लाभ-हानि खाता तथा चिट्ठा में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 25. निम्नलिखित तलपट से 31 मार्च 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये व्यापारिक व लाभ-हानि खाता बनाइये ।

| खातों के नाम | रकम (रु.) | रकम (रु.) |
|---|---|---|
| प्रारंभिक स्टाक | 18000 | - |
| क्रय | 26000 | - |
| विक्रय | - | 38000 |
| वेतन तथा मजदूरी | 8600 | - |
| कार्यालय व्यय | 4000 | - |
| ब्याज प्राप्त | - | 2000 |
| किराया व कर | 1800 | - |
| विज्ञापन | 1400 | - |
| पूंजी | - | 30000 |

CGboardonline.com

| | | |
|---|---|---|
| देनदार | 15600 | - |
| लेनदार | - | 8400 |
| विविध व्यय | 2500 | - |
| आंतरिक गाड़ी-भाड़ा | 500 | - |
| कुल | 78,400 | 78,400 |

CGboardonline.com

31.03.14 को अंतिम स्टॉक का मूल्य 10,000 रु. था ।

अथवा

निम्नांकित सूचनाओं से मेसर्स सुनील एण्ड ब्रदर्स का व्यापारिक व लाभ हानि खाता बनाइये ।

CGboardonline.com

पूंजी 14060 रु., भवन 7500 रु., मशीनरी 3700 रु., देनदार 2800 रु., सामान्य व्यय 2064 रु., कटौती दी 76 रु., क्रय वापसी 44 रु., वेतन 444 रु., विद्युत व्यय 80 रु., प्रा. स्टॉक 6600 रु., देय विपत्र 2000 रु., लेनदार 4000 रु., विक्रय वापसी 180 रु., रोकड़ 1020 रु., क्रय 18740 रु., विक्रय 25400 रु., अंतिम स्टॉक 7284 रु., मजदूरी 1000 रु.

प्रश्न 26. संपत्ति किसे कहते हैं ? संपत्ति के विभिन्न प्रकारों का उदाहरण सहित लिखिये ।

अथवा

1 जनवरी 2006 को 'अ' ने 'ब' को 20000 रु. का माल उधार बेचा और तीन महीने की अवधि का स्वीकृत बिल प्राप्त किया । 'ब' ने इस बिल का भुगतान देय तिथि से एक माह पूर्व 6% दर पर कर दिया । 'अ' व 'ब' दोनों की पुस्तक में उपयुक्त जर्नल प्रविष्टि कीजिये ।

---00---

CGboardonline.com